ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, मंगलवार 30 अप्रेल 2024
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com


# अमित शाह फेक वीडियो केस, अहमदाबाद से 2 गिरफ्तार

## तेलंगाना सीएम समेत 8 राज्यों के 16 लोगों को समन, कल दिल्ली में पेश होंगे




**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

अहमदाबाद. अमित शाह फेक वीडियो केस में मंगलवार 30 मई को गुजरात के अहमदाबाद से 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक आरोपी कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी का पीए और दूसरा AAP कार्यकर्ता है। इस केस में सोमवार 29 अप्रैल को भी असम से एक आरोपी गिरफ्तार किया गया था।

वहीं, दिल्ली पुलिस की यूनिट इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटजिक ऑपरेशंस (IFSO) ने इस मामले में 16 लोगों को समन भेजा है। ये सभी 7-8 राज्यों से हैं। तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी को 29 अप्रैल को ही समन भेजा जा चुका है। इन सभी लोगों को 1 मई को दिल्ली में IFSO यूनिट में पेश होना होगा।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, 16 में से 6 लोग तेलंगाना कांग्रेस के सदस्य हैं, जिनमें मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी शामिल हैं। पुलिस ने सभी को संबंधित दस्तावेज और सबूत के तौर पर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस (मोबाइल-लैपटॉप) लाने को कहा है।

### शाह ने कहा- आरक्षण पर कांग्रेस ने डाका डाला

फेक वीडियो को लेकर मंगलवार 29 मई को गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, 'कांग्रेस ने उनका फेक वीडियो बनाकर वायरल किया, वह जनता को गुमराह कर रही है।' शाह ने असम के गुवाहाटी में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने ओरिजिनल और फेक वीडियो प्ले किया। गृह मंत्री ने कहा, 'दूध का दूध पानी का पानी हो गया है। हमारी पार्टी एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण के समर्थन में है। इन समुदायों के आरक्षण पर अगर किसी ने डाका डाला है तो वह कांग्रेस पार्टी ने डाला है। फेक वीडियो को लेकर दिल्ली पुलिस में एक शिकायत भाजपा ने और दूसरी शिकायत गृह मंत्रालय ने की थी। भाजपा ने देशभर में FIR दर्ज कराने का फैसला किया है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी को भी पूछताछ का नोटिस भेजा है।'

## मोदी बोले- मोहब्बत की दुकान में फेक वीडियो बिक रहे



**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

मुंबई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार 30 अप्रैल को महाराष्ट्र और तेलंगाना के दौरे पर हैं। अब तक वे महाराष्ट्र के धाराशिव, माढा और लातूर में सभाएं कर चुके हैं। धाराशिव में उन्होंने कहा- जो विरोधी भाजपा सरकार का मुकाबला नहीं कर पा रहे, वे सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो चलाकर तकनीक का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। अब उनकी हालत ऐसी है कि जब उनका झूठ काम नहीं कर रहा तो वे मेरे चेहरे का इस्तेमाल कर रहे हैं और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से अपनी मोहब्बत की दुकान में फेक वीडियो बेच रहे हैं। झूठ की यह दुकान बंद होनी चाहिए।

मोदी ने कहा- हमारी सरकार दुनियाभर में बाजरा को लोकप्रिय बनाने पर जोर दे रही है। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि बाजरा दुनियाभर में खाने की मेज तक पहुंचे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मेरे लिए राजकीय रात्रिभोज दिया था, उसके मेन्यू में बाजरा था।

## नौसेना के नए चीफ बने दिनेश त्रिपाठीःशपथ लेने से पहले मां के पैर छुए; कहा- आत्मनिर्भरता की दिशा में नौसेना को मजबूत करेंगे

**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

नई दिल्ली. एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार (30 अप्रैल) को नेवी के 26वें चीफ के तौर पर पदभार संभाल लिया है। उन्होंने एडमिरल आर हरि कुमार की जगह ली है। पदभार संभालने से पहले उन्होंने अपनी मां रजनी त्रिपाठी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि विकसित भारत में योगदान के लिए भारतीय नौसेना को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हम काम करेंगे। कम्युनिकेशन एंड इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर के स्पेशलिस्ट माने



जाने वाले एडमिरल दिनेश त्रिपाठी अब तक नेवी के वाइस चीफ की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

एडमिरल त्रिपाठी को दिल्ली में नेवी चीफ का पदभार सौंपा गया। 60 साल के एडमिरल त्रिपाठी त्रिपाठी 39 साल से नौसेना में हैं। उन्होंने कहा- पिछले कुछ वर्षों में हमारी नौसेना एकजुट और विश्वसनीय फोर्स के रूप में डेवलप हुई है। इसके लिए मैं नौसेना के सभी पूर्व प्रमुखों का धन्यवाद करता हूं। मेरी प्राथमिकता हमारे ह्यूमन रिसोर्सेस को पहले से और भी ज्यादा कुशल बनाना है।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी चुनाव से ठीक पहले ही क्यों हुई सुप्रीम कोर्ट ने ED से 5 सवाल पूछे, 3 मई को अगली सुनवाई



**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

नई दिल्ली. दिल्ली शराब नीति केस में गिरफ्तारी और रिमांड के खिलाफ अरविंद केजरीवाल की याचिका पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने केजरीवाल की गिरफ्तारी की टाइमिंग पर सवाल उठाए। बेंच ने प्रवर्तन निदेशालय (ED) के वकील ASG एसवी राजू से पूछा- दिल्ली के मुख्यमंत्री को लोकसभा चुनाव से ठीक पहले ही क्यों गिरफ्तार किया गया। स्वतंत्रता बहुत महत्वपूर्ण है, आप इससे इनकार नहीं कर सकते। कोर्ट ने 5 सवालों के जवाब के साथ 3 मई को सुनवाई की तारीख रखी। इससे पहले बेंच ने 29 अप्रैल की सुनवाई में कोर्ट ने केजरीवाल से पूछा था कि आपको ED ने जो नोटिस भेजे, आपने उन्हें नजरअंदाज क्यों किया। आप गिरफ्तारी और रिमांड के खिलाफ यहां आए, आपने जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट क्यों नहीं गए।

इस पर केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा था कि गिरफ्तारी अवैध है इसलिए। ED के वकील एसवी राजू ने कहा कि इन्होंने पिछली कस्टडी का भी विरोध नहीं किया था।

## गुजरात के मोडासा से बच्चे का किडनैपःडूंगरपुर में रोडवेज बस स्टैंड पर मिला, चाइल्ड लाइन ने परिजनों को सौंपा

**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

डूंगरपुर. गुजरात के मोडासा से किडनैप हुआ 3 साल का बच्चा मंगलवार को डूंगरपुर में मिल गया। डूंगरपुर रोडवेज बस स्टैंड पर एक महिला को बच्चा लावारिस घूमता हुआ मिला था। सूचना पर पहुंची चाइल्ड लाइन की टीम ने बच्चे को अपने कब्जे में लिया। वहीं, आवश्यक प्रक्रिया को पूर्ण करने के बाद बच्चे को उसके परिजन और मोडासा पुलिस को सौंपा गया। गुजरात मोडासा निवासी वाजिद खान ने बताया कि उसकी बहन अफसाना खान पठान अपने 3 साल के बेटे हमजा खान को लेकर सोमवार को गुजरात सरकार की सिलाई मशीन योजना का फॉर्म भरने के लिए टाउन हॉल गई थी। वहां से हमजा लापता हो गया। इसके बाद परिजनों ने मामले की रिपोर्ट मोडासा टाउन थाना पुलिस को दी थी। पुलिस ने बच्चे की तलाश शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस को एक सीसीटीवी फुटेज में एक लाल टी शर्ट पहना हुआ मिला। लड़का बच्चे को ले जाता हुआ दिखाई दिया था, जिसकी मोडासा पुलिस तलाश कर रही थी।



## कर्नाटक सेक्स स्कैंडल- SIT जांच तक प्रज्वल पार्टी से सस्पेंडःJDS कोर कमेटी की बैठक में फैसला; हासन से सांसद है पूर्व PM देवगौड़ा का पोता




**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

बेंगलुरु. कर्नाटक सेक्स स्कैंडल केस में आरोपी पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को पार्टी से सस्पेंड कर दिया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री और प्रज्वल के चाचा एचडी कुमारस्वामी ने मंगलवार को जनता दल (सेक्युलर) कोर कमेटी की बेंगलुरु में मीटिंग की।

मीटिंग में प्रज्वल रेवन्ना को पार्टी से सस्पेंड करने का फैसला हुआ। प्रज्वल हासन से पार्टी के मौजूदा सांसद और लोकसभा के कैंडिडेट भी हैं। हासन में 26 अप्रैल को सेकेंड फेज में वोटिंग हुई थी। इसके बाद प्रज्वल जर्मनी चले गए।

कुमारस्वामी ने कहा प्रज्वल का सस्पेंशन SIT जांच पूरी होने तक है। मैंने गलत करने वाले का कभी बचाव नहीं किया, लेकिन इस विवाद में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा का नाम लेना गलत है। कांग्रेस हमारे परिवार में फूट डालने की कोशिश कर रही है।

कर्नाटक सरकार ने सेक्स स्कैंडल केस में प्रज्वल के खिलाफ जांच के लिए ADG बीके सिंह के नेतृत्व में IPS अधिकारियों की तीन सदस्यीय स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) बनाई है।

### अमित शाह बोले- प्रज्वल पर सख्त एक्शन लिया जाएगा

गृह मंत्री अमित शाह ने प्रज्वल से जुड़े सवाल पर मंगलवार को गुवाहाटी में कहा- BJP मातृशक्ति के साथ है। इस जांच को आगे बढ़ाएं। जद (एस) पार्टी ने प्रज्वल को सस्पेंड कर दिया है। उन पर सख्त एक्शन लिया जाएगा। कर्नाटक BJP अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने भी कहा है BJP का रुख स्पष्ट है। कोई भी राजनीतिक दल इस मामले में समर्थन नहीं करेगा।

### सेक्स स्कैंडल के केस में प्रियंका गांधी ने PM से सवाल पूछा

प्रियंका गांधी ने X पर पोस्ट में लिखा- जिस नेता के कंधे पर हाथ रखकर PM फोटो खिंचवाते हैं। जिस नेता का चुनाव प्रचार करने 10 दिन पहले खुद जाते हैं। मंच पर उसकी तारीफ करते हैं। आज कर्नाटक का वह नेता देश से फरार है। उसके अपराधों के बारे में सुनकर ही दिल दहल जाता है। सैकड़ों महिलाओं का जीवन जिसने तहस-नहस कर डाला। मोदी जी

### क्या अब भी आप चुप रहेंगे?

प्रज्वल के पिता बोले- जो वीडियो रिलीज हुए, वे 4-5 साल पुराने प्रज्वल के पिता एचडी रेवन्ना ने कहा कि मैं नहीं जानता ये कैसा षड्यंत्र रचा गया है। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो आसानी से डर कर भाग जाऊं। उन्होंने जो वीडियो रिलीज किए हैं, वे 4-5 साल पुराने हैं। जांच होने दीजिए। पिछले 40 साल में कांग्रेस की सरकार में हमने कई जांच का सामना किया है।

## सम्पादकीय - संतोष असंतोष



स्वतंत्र लेखक

राजनीतिक दलों में लोकतांत्रिक पातावरण राना चात मानी जाती है, ताकि किसी भी सदस्य को अगर किसी बात पर एतराज हो तो वह उसे जाहिर कर सके। मगर इसका यह अर्थ कतई नहीं कि कोई पार्टी अपने भीतर अनुशासन बनाना ही बंद कर दे। चलते चुनाव के बीच जिस तरह कांग्रेस के नेता बगावत करते और दूसरे दली का दामन थामते देखे जा रहे हैं, उसे कांग्रेस बेशक पार्टी का आंतरिक लोकतंत्र बता कर खुद अपनी पीठ थपथपाने की कोशिश करे, पर हकीकत यही है कि इससे उसमें अनुशासन की कमी जाहिर होती है। कुछ दिनों पहले गुजरात में सूरत सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार ने जानबूझ कर अपना पर्चा भरने में गड़बड़ी की, जिसके चलते उसका पर्चा निरस्त ही गया और भाजपा का प्रत्याशी निर्विरोध चुन लिया गया। अब इंदौर सीट से उम्मीदवार ने नामांकन वापस लेने के आखिरी दिन अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। एक दिन पहले दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से अरविंदर सिंह लवली ने यह कहते हुए इस्तीफा दे दिया कि चुनाव प्रभारी उनकी बात नहीं सुनते। लवली ने पार्टी नेतृत्व पर भी कई आरोप लगाए हैं। हालांकि इन तीनों मामलों में भाजपा के दवाव और सांठगांठ की बातें भी की जा रही हैं, मगर इससे कांग्रेस की अनुशासनात्मक डिलाई और अपने नेताओं की संभाल कर रख पाने में नाकामी छिप नहीं जाती। पिछले कुछ वर्षों में बड़ी संख्या में नेता कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गए। उनमें कई वरिष्ठ नेता भी थे। यह ठीक है कि कई नेताओं को जब कांग्रेस में अपना भविष्य नजर नहीं आया, तो उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया। कुछ के बारे में कहा जाता है कि वे अपने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई से बचने के लिए सत्तापक्ष की तरफ चले गए। मगर इससे कांग्रेस नेतृत्व पर सवाल तो उठते ही हैं कि यह क्यों अपने नेताओं को संतुष्ट नहीं रख सकी। ऐसा क्या हुआ कि उसके जी नेता कल तक सिद्धांतों की दुहाई देते न पकते थे, ये अचानक विद्रोही और अवसरवादी नजर आने लगे। उनका असंतोष अचानक फूट पड़ा और वे कांग्रेस के खिलाफ विष-वमन करने लगे। किसी भी पार्टी को ताकत इस बात से मिलती है कि उसके नेता और कार्यकर्ता कितने प्रतिबद्ध हैं। उन्हें कोई जिम्मेदारी मिलती है या नहीं मिलती, उन्हें चुनाव का टिकट मिलता है या नहीं मिलता, ये चुप रह कर पार्टी नेतृत्व का फैसला स्वीकार कर लेते और अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए निष्छ और एकजुटता का परिचय देते हैं। भाजपा इसीलिए इस वक्त सबसे ताकतवर पाटी है कि उसका नेतृत्व अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को अपने साथ जोड़ कर रखने में कामयाब है। चुनाव जीतने के लिए हर राजनीतिक दल अपने पैतरे आजमाता ही है। जैसे कि आरोप लग रहे हैं, अगर भाजपा कांग्रेसी नेताओं की अपने पाले में खींचने में कामयाब हो रही है, तो इसे चुनावी गणित के हिसाब से गलत नहीं कहा जा सकता। असल सवाल है कि कांग्रेस ने अपने नेताओं को इस तरह अनुशासित क्यों नहीं रखा या उनमें ऐसा भरोसा क्यों नहीं भर सकी कि वे दूसरे किसी दल के प्रलोभन या दबाव में आ ही न पाएं। बीय चुनाव में इस तरह पार्टी का साथ छोड़ कर बड़े नेताओं, यहां तक कि उम्मीदवारों के दूसरे दल में शामिल होने से न केवल पार्टी की आंतरिक कमजोरी जाहिर होती, बरिनक उसकी रणनीति भी विफल होती है।

## बेलगाम हिंसा

मणिपुर में अब भी जिस तरह लगातार हिंसा जारी है और उसमें आम लोगों से लेकर सुरक्षा बलों तक को निशाना बनाया जा रहा है, उससे यही लगता है म कि सरकार की व्यवस्था नाकाम हो चुकी है, उपद्रवी तत्त्वों पर कोई लगाम नहीं है। मणिपुर के कांगकोपकी जिले में संघर्षरत दो समुदायों के बीच रविवार को गोलीबारी हुई और उसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। इससे एक दिन पहले सुरक्षा बलों के एक शिविर पर उग्रवादियों ने हमला किया था, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दो जवान शहीद हो गए और दो जवान घायल हो गए। मानो हिंसा में शामिल समूहों को खुली अराजकता के लिए छोड़ दिया गया है या फिर सरकार के स्थिति पर काबू पाने के दावे खोखले हैं। यह विचित्र है कि राज्य में हिंसा की शुरुआत को एक वर्ष होने आया है, मगर अब तक न तो सरकार हिंसक तत्त्वों को थाम सकी है, न ही समस्या का हल निकालने में उसकी कोई रुचि दिखती है। गौरतलब है कि मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा देने के सवाल पर कुकी समुदाय के साथ शुरू हुई हिंसा में अब तक दो सौ से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं, ग्यारह सौ से अधिक घायल हुए और करीब पैंसठ हजार को अपना घर-बार छोड़ना पड़ा है। अभी देश भर में लोकसभा चुनाव का दौर है। माना जाता है कि चुनावों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था आम दिनों के मुकाबले इतनी सख्त होती है कि किसी भी अवांछित और आपराधिक गतिविधि को अंजाम देना संभव नहीं होता। हिंसाग्रस्त राज्य होने के नाते मणिपुर में सुरक्षा इंतजामों के और बेहतर होने की उम्मीद की जाती है। मगर हालत यह है कि चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के दावों के बीच कहीं दो गुट आपस में सरेआम गोलीबारी कर लोगों की हत्या कर देते हैं, तो कहीं सुरक्षा बलों के शिविर पर हमला करके उनकी जान ले रहे हैं। ऐसे में समझना मुश्किल है कि समस्या का समाधान निकालने और हिंसा पर काबू पाने को लेकर सरकार की मंशा आखिर क्या है! सब ठीक कर देने या होने के दावों के बरक्स हकीकत अगर त्रासद है, तो कठघरे में सरकार है।

# शुरू हुई पांचवीं बोर्ड की परीक्षा, पेपर पर पुरानी एंट्री से शिक्षक हैरान, बेक टू बेक परीक्षा से बच्चे परेशान

24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

ये खिलखिलाते, मुस्कुराते और चहकते बच्चे पांचवी बोर्ड की परीक्षा देकर निकले हैं। किसी जमाने में बोर्ड की परीक्षा दसवीं तक ही सीमित थी मगर अब बच्चों का पांचवीं में ही बोर्ड का इम्तेहान लिया जाने लगा है। आज पूरे राजस्थान में करीब 14 लाख बच्चों ने एक साथ सुबह 8 से साढे 11 बजे के शेड्यूल में परीक्षा दी। उदयपुर में परीक्षा जिम्मा डाइट के पास है। उदयपुर में 68 हजार 886 बच्चे परीक्षा दे रहे हैं। पहले दिन अंग्रेजी का पेपर था जो औसत रहा। बच्चों ने कहा कि सवाल आसान थे, जो पढकर आए वो प्रश्न पेपर में मिल गए। इधर, इस परीक्षा को लेकर दो कमियां सामने आई हैं जिन पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। आज परीक्षा शुरू होने से पहले जो पेपर दिए गए उन पर एग्जाम की पुरानी तारीखें व पुराना समय ही लिखा हुआ था। आपको बता दें कि इससे पहले ये परीक्षाएं लोकसभा चुनावों के दौरान होने से स्थगित कर दी गईं थी। बच्चों को अब गर्मी से परेशानी नहीं हो इसलिए समय भी दोपहर 11 बजे से बदल कर सुबह 8 बजे का कर दिया गया है। राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्षशेर सिंह चौहान ने बताया कि परीक्षा आगे सरकने के साथ ही सभी पेपर पर लगाई गई चिट भी बदली जानी थी मगर ऐसा नहीं किया गया। चिट पर पुरानी तारीखें व समय अंकित है। ऐसे में कंफ्यूजन



होने की संभावना बनती है। पेपर बंद लिफाफे पर लिखे तथ्य शिक्षकां को थोड़ा कन्फ्यूज कर सकते है। पांचवी कक्षा प्रदेश स्तरीय मूल्यांकन है ऐसे में पेपर बनाने वाली एजेंसी को निर्देश देकर तारीख बदने पर सूचनाएं भी दुरूस्त करवाई जानी थी। इधर एक और चूक जो सामने आई है वो यह है कि पांचवीं के बच्चों के सभी पेपर बेक टू बेक हैं, कोई गेप नहीं है। जबकि दसवीं की परीक्षा तक में बोर्ड ने हर पेपर में गेप दिया है। परीक्षाएं आज शुरू हो गईं और ये लगातार चलेंगी। अभिभावकों का कहना है कि यदि वास्तव में सरकार सीरियसली बच्चों की पांचवीं में बोर्ड की परीक्षाएं करवाना चाहती हैं तो बच्चों को स्ट्रेस से बचाने के लिए गेप देना जरूरी है।

## डोडा-चूरा से भरी कार पकड़ी:भाग गया तस्कर; एस्कॉर्ट कर रहा बदमाश दबोचा



24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

चित्तौड़गढ़. चित्तौड़गढ़ के गंगरार थाना इलाके में डोडा-चूरा से भरी कार पुलिस ने पकड़ी है। साथ ही बाइक पर इसकी एस्कॉर्टिंग कर रहे 1 बदमाश को भी दबोचा है। हालांकि मुख्य तस्कर कार को चालू हालत में छोड़कर मौके से भाग छूटा।

### कार को चालू छोड़कर भाग निकला तस्कर

एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में लगातार एनडीपीएस की कार्रवाई चल रही है। गंगरार थाना अधिकारी मोतीराम सारण मय जाप्ता क्षेत्र में गश्त लगा रहे थे। इसी दौरान गेणिया गांव से डेट गांव की तरफ जाते एक बाइक दिखाई दी। पुलिस ने बाइक सवार को रोकने की कोशिश की तो उसने तेज रफ्तार से भागने की कोशिश की। लेकिन पुलिस ने बाइक सवार को पकड़ लिया। बाइक सवार पुलिस को छोड़ने की मिन्नतें करने लगा। इसी दौरान पीछे से एक सफेद रंग की कार आई, जिसका ड्राइवर पुलिस को देखकर चालू हालत में ही कार को छोड़कर भाग निकला। शक होने पर पुलिस ने बाइक और कार की तलाशी ली।

### गिरफ्तार आरोपी कर रहा था एस्कॉर्ट

तलाशी के दौरान कार के अंदर 13 कट्टे रखे हुए थे, जिन्हें खोल कर देखा तो उसमें 231 किलो 500 ग्राम डोडाचूरा भरा हुआ था। बाइक सवार से जब पूछा गया तो उसने अपना नाम गंगरार निवासी प्यार चंद (62) पुत्र रामलाल जाट बताया। उसने बताया कि पीछे आ रही कार को वह एस्कॉर्ट कर रहा था। कार को प्रकाश जाट पुत्र परथु जाट चला रहा था। जो मौके से भाग निकला।

## सूने मकान में अचानक लगी आग:लोगों में मचा हड़कंप; दीपक जलाकर चली गई थी बुजुर्ग महिला

24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com



चित्तौड़गढ़. चित्तौड़गढ़ में सेंथी स्थित रावला चौक के एक सूने मकान में अचानक आग लग गई। धुआं उठता देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। पड़ोसियों ने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। गनीमत रही कि उस दौरान घर पर कोई नहीं था। केलूपोश मकान होने के कारण फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने ऊपर से छत हटाकर आग बुझाई। आग में घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। बताया जा रहा है कि इस मकान में एक अकेली बुजुर्ग महिला रहती है, जो रोज ढोल बजाने जाती है। लेकिन मंगलवार को वो दीपक जलाकर चली गई। संभवत आग उसी कारण लगी होगी।

### लपटें देख पड़ोसियों ने दी सूचना

रावला चौक में रामजस बाई का केलूपोश मकान है। सुबह रामजस बाई रोज की तरह ही ढोल बजाने लगी। घर पर ताला लगा हुआ था। अचानक पड़ोसियों ने रामजस बाई के घर से आग की लपटें और धुआं उठता हुआ देखा। देखते ही देखते मोहल्ले में हड़कंप मच गया। सभी ने तुरंत इसकी जानकारी कंट्रोल रूम में दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। आग की लपटें पड़ोस के घर तक पहुंच चुकी थी। लेकिन तब तक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई थी। केलूपोश की छत को हटाकर बुझाई आग ताला लगने की वजह से सबसे पहले घर का ताला तोड़ा गया। उसके बाद मकान के ऊपर का केलूपोश की छत हटाकर पानी से आग बुझाने की कार्रवाई की गई। मकान के अंदर फायर ब्रिगेड ने लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुरी तरह फैल चुकी थी, जिसमें सारा सामान जलकर राख हो गया था। गनीमत रही की महिला बाहर गई हुई थी।

### सिलेंडर चपेट में आने से बचा

फायर ब्रिगेड के कर्मचारी जब अंदर घुसे तो उन्हें पता चला कि आग जहां लगी, उसके पास सिलेंडर रखा हुआ है। उन्होंने तुरंत सबसे पहले सिलेंडर को बाहर निकाला। उस दौरान देखा कि बुजुर्ग महिला गैस ऑन कर चली गई थी। कर्मचारियों ने गैस का नॉब भी बंद किया। बुजुर्ग महिला भगवान के सामने दीपक लगाकर चली गई थी। माना जा रहा है उसी से आग लगी होगी। पड़ोसियों की सतर्कता के कारण समय रहते आग पर काबू पाया गया और अन्य घरों में फैलने से भी बच गया।

# कब्रिस्तान के पास से चौपहिया चुराने वाला शातिर पकड़ा, कई राज उगले, जेल से छूटते ही फिर शुरू कर दिया वाहन चोरी का कारोबार

24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। अश्विनी बाजार कब्रिस्तान से चार पहिया वाहन चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी से अशोक लिलेण्ड पिकअप सहीत एक अन्य महिन्द्रा बोलेरों पिकअप बरामद आरोपी अपना नाम पता बदल कर दो राज्यों में वाहन चोरी की वारदातें करता रहा है। बताया गया कि 22 अप्रेल को टेम्पो चालक प्रार्थी मोहम्मद हसन परवेज पिता नूर मोहम्मद निवासी सिलावटवाटी उपर की मस्जिद के पास ने रिपोर्ट दी कि उनकी लोडिंग गाडी अशोक लिलेण्ड कम्पनी की रात्री में अश्विनी बाजार, में बैंक के पास कब्रिस्तान गेट के वहां खड़ी करके घर गए। दिनांक 19 अप्रेल को सुबह 3.30 बजे आए तो मुझे गाडी वहां नही मिली तो थाना हाथीपोल में 4 बजे सूचना दी। कोई अज्ञात बदमाश मेरी गाडी चोरी करके ले गया है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक उदयपुरयोगेश गोयल ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा एवं वृताधिकारी वृत पश्चिम कैलाश चन्द्र के मार्गदर्शन में मन अधिकारी आदर्श कुमार द्वारा थाना से टीम का गठन किया गया। सीसीटीवी कैमरों से तकनीकी संसाधनों व मुखबिर तंत्र द्वारा उक्त वारदात में चोरी गया अशोक लिलेण्ड पिकअप की तलाश कर पिकअप एवं एक आरोपी को डिटेन किया गया। पुछताछ की गई तो उक्त वारदात करना स्वीकार किया। चोरी गई अशोक लिलेण्ड पिकअप को आरोपी की निशादेही से बरामद किया गया। आरोपी ने बताया कि 16 अक्टूबर 2023 को उदयपुर जैल से रिहा हुआ और दो दिन बाद ही गुलाब बाग रोड पर पडी महिन्द्रा बोलेरो पिकअप चोरी कर गुजरात चला गया। वहां से इसको काम में ले रहा था उसी दौरान कागजात नही होने के कारण 28 नवंबर 2023 को पुलिस थाना मोडासा ग्रामीण द्वारा पकड लिया। गुजरात पुलिस को झुठ बोल कर गाडी के कागजात लाकर बताने का कह कर रवाना हो गया। तभी से वाहन मोडासा पुलिस थाने में ही पड़ा है। आरोपी की निशादेही से वाहन की जाँच की गई तो वाहन धारा 207 सीआरपीसी में जब्त होने से वाहन के



रिपोर्ट-अमानत अली

ईन्जन नम्बर व चेचिस नम्बर से मिलान कर पता किया गया तो उक्त वाहन पुलिस थाना सुरजपोल के प्रकरण संख्या 582/2023 धारा 379 भादस में वांछित होना पाया गया। मामले में एफआर दी गई। इस संबंध में थाना सुरजपोल को सुचित किया गया। प्रकरण में गिरफ्तार शुदा आरोपी ने अपना नाम मुकेश कटारा पिता कालु लाल कटारा उम्र 28 साल निवासी मेवाडा थाना राम सागडा जिला डुगरपुर बताया। पुलिस थाना रामसागडा से सजायाबी रिकार्ड प्राप्त किया गया तो कोई आपराधिक रिकार्ड नही होना पाया गया। विशेष वाहक भेज सकुनत तस्दीक कराई गई तो मुकेश कटारा नाम से कोई व्यक्ति नही होना पाता चला। बाद में आरोपी ने अपना वास्तविक नाम पप्पु पिता राम लाल उर्फ रामा कटारा उम्र 28 वर्ष निवासी गलन्दर थाना राम सागडा जिला डुगरपुर होना बताया जिस पर पुनः पुलिस थाना रामसागडा से सजायाबी रिकार्ड प्राप्त किया गया तो आरोपी के पूर्व में पुलिस थाना राम सागडा के प्रकरण मिले वह जैल जा चुका हैं। आरोपी के मुकेश कटारा पिता कालु लाल कटारा नाम से पुलिस थाना हिम्मत नगर में आईसर चोरी के दो प्रकरण दर्ज हैं। कुल 9 प्रकरण चोरी के दर्ज पाये गये।

# बाबा को मिली पेशी से छूट, अफसरों से सुप्रीम कोर्ट बोला

**जब तक कोर्ट ने जगाया नहीं, आप अपनी शक्तियां भूले हुए थे, आपको अचानक अपनी जिम्मेदारियों और ताकत का अहसास हो गया, चलो अच्छा है**



**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट. नई दिल्ली। पंतजलि के विज्ञापन केस की आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने अखबार नहीं लाने पर पतंजलि को फटकार लगाई और कहा कि पिके वकील बहुत होशियार हैं। आज बाबा रामदेव और बालकृष्ण चौथी बार कोर्ट के सामने पेश हुए। उन पर कंटेम्प्ट ऑफ कोर्ट का मामला चल रहा हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने पतंजति के 2022 में दिए विज्ञापन में एलोपैथी पर गलतफहमी फैलाने का आरोप लगाया है। भ्रामक विज्ञापन केस में आज जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच में पतंजलि के पक्ष को वकील मुकुल रोहतगी ने रखा तो उत्तराखंड सरकार की ओर से ध्रुव मेहता पेश हुए। कोर्ट ने पतंजलि के वकील से पूछा कि माफीनामा पीडीएफ में क्यों है। रजिस्ट्री को इसे स्कैन करके फाइल में क्यों रखना पड़ा? आपने ई-फाइलिंग की है। ये हमारे आदेश का पालन नहीं है। हमने कहा था, जैसा माफीनामा है, वैसा फाइल करो। कोर्ट ने कहा- फिजिकली माफीनामा देने का मतलब यह नहीं है कि आप पीडीएफ फाइल दें। आपको पता है कि हमने क्या मांगा था। वकील साहब बताइए हमने क्या मांगा था? इस पर पतंजलि ने कहा- जैसा बताया था, वैसा ही फॉरमेट है। इस पर जस्टिस अमानतुल्लाह ने कहा- यहां बहुत ज्यादा कम्युनिकेशन गैप है। हमें ऐतराज है। ये जानबूझकर किया जा रहा है। आपके वकील ज्यादा स्मार्ट है। हमें लग रहा है कि आपके वकील क्लाइंट को ज्यादा बार कोर्ट में पेश करना चाहते हैं, उतना हम नहीं चाहते हैं। यही लग रहा है। पूरा न्यूज पेपर फाइल किया जाना था। सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के वकील से प्रत्येक अखबार के मूल पृष्ठ को रिकॉर्ड में दाखिल करने को कहा जिसमें सार्वजनिक माफी जारी की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख के लिए योग गुरु बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दे दी है।

## बाबाजी की आंखों और लीवर वाली दवाइयों सहित 14 उत्पादों पर बैन

**24 न्यूज अपडेट**



24 न्यूज अपडेट. ब्यूरो उत्तराखंड। अगर आप भी बाबा रामदेव की इन दवाइयों का उपयोग करते हैं तो यह खबर आपके लिए है। भ्रामक विज्ञापन मामले में सुप्रीम कोर्ट की कार्रवाई का सामना कर रहे बाबा रामदेव को जोर का झटका लगा है। उत्तराखंड सरकार ने बाबा रामदेव की पतंजलि आयुर्वेद और दिव्य फार्मेसी के 14 उत्पादों के विनिर्माण लाइसेंस को निलंबित कर दिया है। इस बात की जानकारी उत्तराखंड सरकार की तरफ से सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में दी गई। यह आदेश 15 अप्रेल को ही जारी कर दिया गया था मगर सार्वजनिक कल ही हो पाया। हलफनामे से पता चला कि उत्तराखंड सरकार की स्टेट लाइसेंसिंग ऑथोरिटी या एसएलए ने आयुर्वेदिक उत्पादों के निर्माण के लिए दिया लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि दिव्य फार्मेसी हरिद्वार तथा पतंजलि आयुर्वेदिक लिमिटेड, हरिद्वार द्वारा उत्पादन लाइसेंस में उल्लिखित नियमों व शर्तों, ड्रग्स एवं मैजिक रैमेडीज एक्ट 1954 तथा ड्रग्स एवं कॉस्मेटिक एक्ट 1945 का बार-बार उल्लंघन किया जा रहा है। संबंधित फर्म द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वर्तमान में भी भ्रामक विज्ञापन जारी रहना संज्ञानित हुआ है। इस आदेश के मुताबिक इन उत्पादों के विनिर्माण लाइसेंस को ड्रग्स एवं कॉस्मेटिक एक्ट 1945 की धारा 159(1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। साथ ही उत्पादों का निर्माण तत्काल प्रभाव से बंद करने की भी बात कही गई है। द इंडियन एक्सप्रेस रिपोर्ट बताती है किएसएलए ने अपने हलफनामे में कहा है कि उसने दिव्य फार्मेसी और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को 15 अप्रैल को आदेश जारी किया था। आदेशानुसार बाबाजी की आंख वाली दवाई सहित 14 उत्पादों, 'स्वसारि गोल्ड', 'स्वसारि वटी', 'ब्रोंकोम', 'स्वसारि प्रवाही', 'स्वसारि अवलेह', 'मुक्ता वटी एक्स्ट्रा पावर', लिपिडोम', 'बीपी ग्रिट', 'मधुग्रिट', 'मधुनाशिनी वटी एक्स्ट्रा पावर', 'लिवमृत एडवांस', 'लिवोग्रिट', 'आईग्रिट गोल्ड' और पतंजलि दृष्टि आई ड्रॉप' के लिए विनिर्माण लाइसेंस को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

# गोगामेडी को खो चुके, रविन्द्र भाटी को धमकी देने वालों का एनकाउंटर हो, जेड श्रेणी की मिले सुरक्षा



**24 न्यूज अपडेट**

जोधपुर। शिव विधायक व बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट के निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी की सुरक्षा के मांग को लेकर हंगामा मचा हुआ है। आज जोधपुर में राजपूत समाज ने प्रदर्शन किया और जेड श्रेणी की सुरक्षा देने की मांग की। मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष ने तो भाटी को धमकी देने वालों का एनकाउंटर करने की बात कही। राजपूत सभा के अध्यक्ष ने कहा कि पहले गोगामेडी ने भी सुरक्षा मांगी नहीं मिली और फिर उसकी हत्या हो गई । समाज अपना और कोई बेटा नहीं खोना चाहता है। उन्होंने रविंद्र को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। मारवाड़ राजपूत सभा ने मंगलवार कलेक्ट्रेट के बाहर बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी व शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी को मिल रही धमकियों के चलते उन्हें सुरक्षा प्रदान करने को लेकर प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा, जिसमें भाटी को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करने की मांग की गई । मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा ने बताया कि समाज के उभरते हुए नेता रविंद्र सिंह भाटी की जान की सुरक्षा जरूरी है। खांगटा ने बताया कि जो लोग रविंद्र सिंह भाटी को धमकियां दे रहे हैं, उन असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई सरकार को तुरंत करनी चाहिए, जिससे प्रदेश में भाईचारा बना रहे।

# कोरोना से ज्यादा नुकसान कर गई कोरोना की वैक्सीन कोवीशील्ड




**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट, साइंस डेस्क। अंग्रेजों ने कोरोना की वैक्सीन का एक फार्मूला तैयार किया और भारत में उनके फार्मूले पर एस्ट्राजेनेका कंपनी की कोवीशील्ड नाम से वैक्सीन बनाई गई। सीरम इंस्टीट्यूट की इस वैक्सीन को कोरोनाकाल में मेड इन इंडिया कहकर खूब प्रचारित किया गया और देश में 175 करोड़ डोज लगाए गए। दुनियाभर में यह वैक्सीन काम में ली गई। वैक्सीन लगने के बाद लोगों के अचानक मरने की कई अपुष्ट खबरें आती रहीं मगर खुद ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने माना है कि उनकी कोविड-19 वैक्सीन से खतरनाक साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। एस्ट्राजेनेका पर आरोप लग रहे हैं कि उनकी बनाई वैक्सीन से कई लोगों की मौत हो गई है और कई अन्य को गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ा है। कंपनी का ताजा शोध बताता है कि इससे थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम हो सकता है जिसमें खून का थक्का जमता है। हालांकि यह बीमारी दुर्लभ बीमारियों की श्रेणी में आती है। स बीमारी में पहले खून के थक्के जमते हैं और उसके बाद प्लेटलेट्स की संख्या अचानक कम हो जाती है। इसके बाद दिल का दौरा पडता है। ब्रिटेन में इस कंपनी के खिलाफ अब तक 51 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं व एक हजार करोड का हर्जाना मांगा गया है। हालांकि, वैक्सीन में किस चीज की वजह से यह बीमारी होती है, इसकी जानकारी फिलहाल कंपनी के पास नहीं है। सबसे खास बात यह है कि एस्ट्राजेनेका कंपनी इस वेक्सीन से 60 लाख लोगों की जान बचाने का दावा करता है और वैक्सीन का इस्तेमाल अब ब्रिटेन में नहीं हो रहा है। बाजार में आने के कुछ महीनों बाद वैज्ञानिकों ने वैक्सीन के खतरे को भांप लिया था। इसके बाद यह सुझाव दिया गया था कि 40 साल से कम उम्र के लोगों को दूसरे वैक्सीन का भी डोज दिया जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन से होने वाले नुकसान कोरोना के खतरे से ज्यादा थे। इन आंकडों के सामने आने के बाद भारत में भी इस पर शोध व तत्काल कार्रवाई की जरूरत है।

## 16 न्यायिक अधिकारियों का ट्रांसफर:रजिस्ट्रार जनरल ने आदेश किया जारी, चंचल मिश्रा अब रजिस्ट्रार प्रशासन मुख्य पीठ

**24 न्यूज अपडेट**

जोधपुर. राजस्थान हाईकोर्ट प्रशासन ने जिला जज संवर्ग के 16 न्यायिक अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है। रजिस्ट्रार जनरल प्रमिल कुमार माथुर ने आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार जिला जज संवर्ग की अधिकारी चंचल मिश्रा को रजिस्ट्रार (प्रशासन), मुख्य पीठ जोधपुर, युधिष्ठिर शर्मा को जिला एवं सत्र न्यायाधीश पाली, दिनेश त्यागी को राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी जोधपुर में निदेशक, अजिताभ आचार्य को सत्र न्यायाधीश, पॉक्सो कोर्ट मामलात कोर्ट पाली में स्पेशल जज, ओमप्रकाश को सीबीआई मामलात कोर्ट, जयपुर महानगर प्रथम में स्पेशल जज, राजीव चौधरी को रजिस्ट्रार (नियम), मुख्य पीठ जोधपुर,दिनेश कुमारनागौरी को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश संख्या एक, अजमेर, प्रमोद बंसल को अतिरिक्त जिला




एवं सत्र न्यायाधीश संख्या पांच जोधपुर महानगर, शरद तंवर को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पाली, नरेंद्र कुमार को ओएसडी, मुख्य पीठ जोधपुर, अमित कुमार को रजिस्ट्रार (वर्गीकरण प्रथम), जयपुर पीठ, शिव कुमार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दूदू, जयपुर जिला, तोषिता मालानी को रजिस्ट्रार (वर्गीकरण प्रथम), मुख्य पीठ, मुकेश परनामी को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश संख्या छह, जयपुर महानगर प्रथम, सनुज कुलश्रेष्ठ को ओएसडी, मुख्य पीठ तथा मोहन लाल जाट को अतिरिक्त रजिस्ट्रार (परीक्षा), मुख्य पीठ लगाया गया है।

# गुरु-शुक्र अस्त, अब दो महीने शादी का मुहूर्त नहीं, इस बार आखातीज पर भी विवाह योग नहीं



**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट. डेस्क। इस महीने का आज विवाह का अंतिम मुहूर्त है। गुरु 5 जून तक और शुक्र 27 जून तक अस्त रहेगा। गुरु और शुक्र ग्रह अस्त होने से अब 2 महीने तक शादियों का कोई मुहूर्त नहीं आ रहा हैं। इस बार ज्योतिष बता रहे हैं कि आखातीज पर 10 मई के दिन भी अबूझ सावे का दिन होने पर भी विवाह का मुहूर्त नहीं है। अगला सावा 9 जुलाई को होगा। इससे पूर्व शुक्र अस्त होने से 2016 में आखातीज बिना सावे के गई थी। गुरु 8 मई से 5 जून तक अस्त रहेगा। वहीं, शुक्र 4 मई से 27 जून तक अस्त होगा। इस कारण मई और जून में शादी सहित किसी भी मांगलिक काम के लिए मुहूर्त नहीं होंगे। दोनों ग्रह के उदय होने के बाद 9 जुलाई से विवाह मुहूर्त आरंभ होकर 15 जुलाई तक चलेगा। इसके बाद देवशयनी एकादशी से चातुर्मास 17 जुलाई को आरंभ हो जाएगा व 11 नवंबर तक विवाह मुहूर्त नहीं है।

## जगदगुरु शंकराचार्य प्रज्ञानंद सरस्वती ने किए श्रीनाथजी मंदिर में राजभोग झांकी के दर्शन



**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट, राजसमंद। जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानंद सरस्वती ने आज श्रीनाथजी मंदिर में राजभोग की झांकी के दर्शन किए। परंपरानुसार फेंटा बांधकर मंदिर मंडल की ओर से रजाई और उपरना ओढाया और श्रीजी प्रभु का प्रसाद भेंट कर समाधान किया गया। जगदगुरु ने देश में सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। अनंत श्री विभूषित द्वारिका, शारदा एवं ज्योतिष पीठाधीश्वर आदि जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती इससे पहले श्रीनाथ जी मंदिर के मोतीमहल चौक पहुंचे जहां से मंदिर में प्रवेश कर श्रीजी प्रभु की राजभोग झांकी के दर्शन किए। मंदिर परंपरानुसार श्रीनाथजी मंदिर के अधिकारी सुधाकर शास्त्री ने उनका फेंटा बांधकर, रजाई और उपरना ओढाया और श्रीजी प्रभु का प्रसाद भेंट कर समाधान किया।

## खुशखबरी : 5 मई से 30 जून तक हर संडे उदयपुर सिटी कोलकाता साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा, 24 स्टेशनों पर होगा ठहराव



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से कोलकाता के लिए स्पेशल ट्रेन शुरू करने का फैसला किया है। यह ट्रेन 5 में को शुरू होगी और 2 जुलाई तक चलेगी। ट्रेन जयपुर, उदयपुर समेत प्रदेश और देश के 24 अलग-अलग रेलवे स्टेशनों पर ठहराव करेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे ने इसी प्रकार 6 ट्रेनों में 11 अस्थाई कोच की बढ़ोतरी भी की है। ताकि आम यात्रियों को आसानी से रेलवे में सफर करने का मौका मिल सके। जबकि दो ट्रेनों को रीशेड्यूल भी किया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कियात्री भार को ध्यान में रखते हुए 5 मई से 30 जून तक उदयपुर सिटी - कोलकाता साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा शुरू करने का फैसला किया है। यह रेलगाड़ी उदयपुर सिटी से हर रविवार को दोपहर 2 बजकर 5 मिनट पर रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर रात 9 बजकर 45 मिनट पर पहुंचेगी। इसके बाद जयपुर से रात 9 बजकर 55 मिनट पर रवाना होगी तथा मंगलवार को सुबह 4 बजे कोलकाता पहुंचेगी। इधर, गाडी संख्या 09620, कोलकाता - उदयपुर सिटी साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 7 मई से 2 जुलाई तक कोलकाता से हर मंगलवार को सुबह 5 बजकर 30 मिनट पर रवाना होकर बुधवार को जयपुर स्टेशन पर दोपहर 1 बजकर 40 मिनट पर पहुंचेगी। इसके बाद जयपुर से 1 बजकर 30 मिनट पर रवाना होकर रात 11 बजकर 15 मिनट पर उदयपुर सिटी स्टेशन पहुंचेगी। 5 मई से 2 जुलाई तक शुरू की गई दोनों ट्रैन 18 ट्रिप पूरे करेंगी। इस दौरान यह ट्रैन उदयपुर सिटी, राणाप्रतापनगर, मावली, भीलवाडा, बिजयनगर, नसीराबाद, अजमेर, किशनगढ, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, आगराकैंट, शमशाबाद, ईटावा, कानपुर सेट्रल, प्रयागराज, बनारस, पं. दीनदयाल उपाध्याय, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर और बर्द्धमान रेलवे स्टेशन पर ठहराव करेगी। इस स्पेशल ट्रैन में कुल 20 कोच होंगे। इनमें 1 सैकण्ड एसी, 5 थर्ड एसी इकोनोमी, 8 सैकण्ड सप्लीपर, 4 साधारण (जनरल), 1 पॉवर कार और 1 गार्ड कोच शामिल होगा।

# मार्बल व्यवसायी कपिल सुराणा पर जानलेवा हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार, बड़े नाम भी आ सकते हैं सामने

24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

न्यूज अपडेट उदयपुर। उदयपुर में मार्बल व्यवसायी कपिल सुराणा पर हमला करने वाले तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस मामले में पुलिस पर पिछले पांच दिनों से आरोपियों को गिरफ्तार करने को लेकर भारी दबाव था। कई सवाल भी उठ रहे थे कि आखिर पुलिस किसके दबाव में आकर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। पूर्व कांग्रेस सरकार के एक बड़े राजनेता सहित कई बड़े नामों के इन्वोल्वमेंट के चर्चे हो रहे थे। कल ही इस मामले में मार्बल व्यवसाइयों ने भी गहरा आक्रोष जताते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया था और आरोपियों के नाम सहित जमीन के सारे कच्चे चिट्ठे उनके सामने खोले थे। आज उदयपुर एसपी योगश गोयल ने मीडिया को बताया कि कपिल सुराणा का कुछ व्यक्तियों ने पीछा कर उन पर जानलेवा हमला कर दिया था। उनकी गाडी क्षतिग्रस्त कर दी गई व लूटपाट की गई थी। इस प्रकरण में आपराधिक मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने विक्रम सारंगदेवोत, निर्मल नागदा और भगवान राव को गिरफ्तार किया है। अब तक की पूछताछ में जमीन व अन्य विवादों की बात सामने आ रही है। एफआईआर में अन्य नाम भी हैं उनके बारे में भी छानबीन की जा रही है। इसके साथ ही मामले में किनका हाथ रहा है, कौन कौन षडयंत्र में शामिल हुआ, उसका पता लगाया जा रहा है।




घटना की गंभीरता को देखते हुए योगेश गोयल जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले मे त्वरित कार्यवाही के आदेश प्रदान किए। निर्देशो की पालना मे श्री उमेश ओझा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उदयपुर कैलाशचन्द्र खटीक वृताधिकारी वृत नगर पश्चिम जिला उदयपुर के सुपरविजन मे हिमाशुसिंह राजावत पु.नि. थानाधिकारी थाना सुखेर के निर्देशन मे एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा तकनीकी व मुखबीर के माध्यम से अभियुक्तगणो की तलाश की गई। गिरफ्तार आरोपियों में विक्रमसिंह पिता महेन्द्रसिह सांरगदेवोत उम्र 39 साल निवासी रचका का कुआ, बाठेडा पुलिस थाना खेरादा हाल नाकोडा नगर थाना प्रतापनगर, निर्मल नागदा पिता शंभुलाल नागदा उम्र 29 साल निवासी रेबारियो का गुडा, थाना प्रतापनगर , भगवानसिंह पिता मांगुसिंह राव उम्र 25 साल निवासी कनावदा थानाकेलवा राजसमंद

## पद के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए बीएपी ने उदयपुर लोकसभा सीट के सभी पदाधिकारियों को हटाया



24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट, डूंगरपुर। लोकसभा चुनावों के दौरान भारत आदिवासी पार्टी ने बांसवाड़ा लोकसभा सीट पर कांग्रेस के साथ गठबंधन किया था। लेकिन उदयपुर और जालौर, चित्तौड़गढ़, राजसमंद लोकसभा सीट को लेकर कांग्रेस और बीएपी के बीच कोई समझौता या गठबंधन पर बातचीत नहीं हुई। इस बिखराव पर अंदरखाने खूंब खिंचाव हो रहा था। इन सीटों पर बीएपी और कांग्रेस के मैदान में रहने से दूसरी पार्टियों को फायदा मिलने की संभावना है। भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल रोत ने उदयपुर लोकसभा सीट के जिला, मंडल, ब्लॉक, संभाग, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों को पद से मुक्त कर दिया है। इन पर लोकसभा चुनावों में पद का दुरुपयोग करने, सहयोग नहीं करने, निजी स्वार्थ को ज्यादा महत्व देने के आरोप हैं। भारत आदिवासी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल रोत की ओर से जारी किए गए पत्र में बताया गया है कि उदयपुर लोकसभा क्षेत्र में राजनीतिक कार्यकर्ताओं की ओर से लोकसभा चुनाव में आशानुरुप सहयोग नहीं कर पद का दुरुपयोग करने की शिकायत मिली। समाज से ज्यादा निजी स्वार्थ को अधिक महत्व देने की शिकायत पर सभी मंडल, ब्लॉक, जिला, संभाग, प्रदेश ओर राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद से मुक्त किया जाता है। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद फिर से संगठन का सर्वसहमति से गठन किया जाएगा।

# प्रेम प्रसंग में गई जान : किसी और की हो गई थी प्रेमिक, पूर्व प्रेमी ने कर दी दूसरे प्रेमी की निर्मम हत्या, प्रेमिका को बंधक बनाकर किया दुष्कर्म



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। पाटिया थाना क्षेत्र के गांव गमेती फला बलिचा में एक अज्ञात लाश के प्रकरण का खुलासा करते हुए आज पुलिस ने 2 आरोपियों तथा एक बाल अपचारी को डिटेन कर लिया। मामला प्रेम प्रंसग से जुडा था जिसमें हत्या करने वाले युवक की प्रेमिका का समाज के सामने छुट्टा होने के बाद किसी अन्य से प्रेम प्रंसग हो गया। यह बात पुराने प्रेमी को नागरवार गुजरी और उसने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर प्रेमिका के दूसरे प्रेमी की निर्मम तरीके से हत्या कर दी। इसके बाद प्रेमिका को तीन दिन तक बंधक बना कर रखा, उसके साथ दुष्कर्म किया। यह सनसनीखेज मामला इलेक्शन के दिन हुआ। पुलिस की टीमों ने तत्परता दिखाते हुए आज मामले का खुलासा कर दिया। जिला पुलिस अधीक्षक, उदयपुरयोगेश गोयल ने बताया कि अंजना सुखवाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, खेरवाडा व राजीव राहर वृत्ताधिकारी वृत्त ऋषभदेव के सुपरविजन में देवेन्द्र सिंह राव थानाधिकारी, पाटिया के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा गांव गमेती फला बलिचा में एक अज्ञात लाश के प्रकरण का खुलासा करते हुये 2 अभियुक्त को गिरफ्तार एवं एक बाल अपचारी को डिटेन किया जाकर प्रकरण में महत्वपुर्ण सफलता प्राप्त की । एसपी ने बताया कि सूचना मिली कि थाना सर्किल में गांव गमेती फला में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश पड़ी हुई है जिस पर देवेन्द्र सिंह राव थानाधिकारी पाटिया मय जाब्ता के रवाना हो गमेती फला पहुंच, आस-पड़ोसियों से अज्ञात लाश के बारे में पूछताछ करने पर लोकेश पिता भूरालाल उम्र 22 साल, निवासी बलवाड़ा, पुलिस थाना सदर, जिला डूंगरपुर होना पाया गया। लाश को मोर्चरी खेरवाड़ा में रखवाया गया व परिजनों को तलब किया गया जिस पर मृतक के भाई सुरज पिता भुरा जी, निवासी अगनीया फला, बलवाडा, जिला डूंगरपुर ने उपस्थित थाना हो रिपोर्ट पेश की। बताया कि 26 अप्रेल को करीब 10 बजे सुबह मासी मनु देवी पत्नी बाबुलाल खराडी निवासी खेडाघाटी का फोन आया और बताया कि आपके भाई लोकेश को अज्ञात बदमाशो ने पत्थर मारकर हत्या कर दी है। नाले में उसका शव पडा है। भाई करीब 2 दिन पुर्व मेरी मासी के वहां मेहमान गया था। मासी ने बताया कि लोकेश बीती रात को हमारे साथ खाना खाकर बाहर आंगन में सोया था। रात को कब उठकर गया मुझे पता ही नही है। भाई की अज्ञात बदमाशो द्वारा हत्या कर दी है। पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही देवेन्द्र सिंह राव थानाधिकारी पाटिया के नेतृत्व में में गठित टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया उपलब्ध साक्ष्यों का संकलन किया गया तथा आसूचना व तकनीकी सहयोग से प्रकरण में अभियुक्त 1. बलवीर उर्फ प्रवीण गरासिया 2. अश्विन उर्फ अशोक गरासिया निवासियान आगनिया फला, बलवाडा थाना कोतवाली, जिला डूंगरपुर को गिरफ्तार किया गया व 1 अपचारी बालक को डिटेन किया जाकर अग्रिम अनुसंधान जारी है। पुछताछ में गिरफ्तारशुदा अभियुक्त 1. बलवीर उर्फ प्रवीण गरासिया 2. अशोक उर्फ अश्विन गरासिया व 1 विधि से संघर्षरत बालक ने बताया कि अभियुक्तगण व अपचारी बालक बालक तथा मृतक लोकेश एक ही गांव के हैं व आपस में मित्र थे। परन्तु अभियुक्त अश्विन एक वर्ष पुर्व एक नाबालिक लडकी को अपने घर पर लाया। घर पर समझाईश व दोनो पक्षो के आपस मे बातचीत के बाद नाबालिक लडकी को उसके घर पर भेज दिया गया था। नाबालिक लडकी की आरोपी अश्विन से बातचीत बंद थी। इधर, मृतक लोकेश का उस नाबालिक लडकी से प्रेम प्रसंग हो गया। इस बात की खबर लगने पर नाराजगी को लेकर अभियुक्त अशोक व अशोक के भाई बलवीर व 1 अपचारी बालक ने योजना बनाईएक ही गांव गमेती फला खेडाघाटी गंगानगर में रिश्तेदारी थी व मृतक के मासी के वहां मेहमान आने की आरोपीयों को सूचना मिली तो मर्डर का प्लान बनाया।घात लगाकर हमला किया व युवक की हत्या कर नाबालिक अपहृता को अपने साथ ले जाकर अशोक उर्फ अश्विन ने दुष्कर्म किया। नाबालिग बालिका का मेडिकल करवाया गया है।

## लायंस क्लब उदयपुर अरावली का 42वां चार्टर दिवस आयोजित



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। लायंस क्लब उदयपुर अरावली का 42वां चार्टर दिवस देवाली स्थित लायंस लेक सिटी भवन मे मनाया गया। चार्टर दिवस पर पूर्व अध्यक्षों एवं वर्ष पर्यंत सराहनीय सहयोग करने वाले लायंस सदस्यों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायन अरविंद चतुर, पूर्व मल्टी पल चेयरमेन, क्लब अध्यक्ष लायन अनिल सिंगटवाड़िया, सचिव बी. एल पालीवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश जानी, संयोजक लायन गोपाल अग्रवाल एवं क्लब सरक्षक लायन डी एमजेएफ श्याम सिरोया उपस्थित थे। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि द्वारा 3 चार्टेड सदस्यों आर.पी. गुप्ता, एस.एम. गुप्ता और आर.पी. सक्सेना सहित 3 डीएमजेएफ आर.पी. गुप्ता, श्याम सिरोया और दिनेश कोठारी को सम्मानित किया गया . इसके साथ ही 13 पूर्व अध्यक्षों को भी सम्मानित किया गया।

# जीबीएच के डाक्टरों ने बचाई जान
# गन्ने के चरखे में फंस गए थे बाल




24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

चुनाव के दिन उदयपुर में गन्ने का जूस निकाल रही युवती के बाल मशीन में फंस गए थे। युवती के बालों के साथ ही सिर की चमड़ी उधड़ गई और बहुत सारा खून बह गया। क्रिटिकल कंडीशन में तनीषा माली को जीबीएच अमेरिकन हॉस्पिटल ले जाया गया जहां शहर के दानदाताओं की मदद से उपचार हुआ और आज युवती को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। युवती का जीबीएच अमेरिकन हॉस्पिटल में सफल ऑपरेशन किया गया। पत्रकार वार्ता में जीबीएच के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. आनंद झा ने बताया कि 26 अप्रैल को दोपहर 1 बजे युवती को परिजन देर रात करीब 11.30 बजे जीबीएच अमेरिकन हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। युवती के बाल के साथ निकली चमड़ी क्षत विक्षत हो जाने से वापस ग्राफ्ट करना संभव नहीं हुआ। यह चुनौतीपूर्ण और जटिल मामला होने से जीबीएच अमेरिकन हॉस्पिटल में प्लास्टिक सर्जन डॉ. विमल मित्तल, न्यूरो सर्जन डॉ. शंकरा राम चौधरी और उनकी टीम ने सभी जांचों के बाद ऑपरेशन करना तय किया। न्यूरो सर्जन ने बताया कि युवती के सिर के अंदर कोई नुकसान नहीं हुआ है। ऐसे में बर्न एवं प्लास्टिक सर्जन डॉ. विमल मित्तल ने ऑपरेशन के दौरान युवती के पैरों से चमड़ी लेकर सिर पर ग्राफ्ट की। ऑपरेशन के चार दिन बाद युवती के स्वस्थ होने मंगलवार को डिस्चार्ज कर दिया गया। डॉ. विमल मित्तल इससे पहले भी इसी तरह के चार मामलों में उपचार कर चुके हैं। युवती की सर्जरी करीब तीन घंटे चली। प्रेसवार्ता में परिजनों ने बताया कि जिस सिविल डिफेंस के जवान की वाहवाही हो रही है वह मौके पर केवल वीडियो बना रहा था। मौके पर कई लोग मदद को आए व सबने मिलकर युवती को अस्पताल पहुंचाया। इस मौके पर डाक्टरों ने बताया कि ग्राफ्टिंग में करीब 70 हजार रूपए का खर्च आया। इस प्रकार का मामला सरकारी हैल्थ स्कीम में नहीं आती है। ऐसे में शहर के कई नेता भी मदद को आगे। डाक्टरों ने हिदायत दी कि अभी गेहूं कटाई का सीजन है और उस काम में लगे लोगों का ढीले कपडे आदि पहनने से परहेज करना चाहिए व अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। इस बच्ची के सिर के बाल पूरी तरह से उखड चुके हैं ऐसे में आगे का ट्रीटमेंट परिवार की इच्छा के अनुसार होगा। नए बाल भी उगाए जा सकते हैं।




24 न्यूज अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।